## त्वरित सुझाव

- ☑ गति-सीमा में गाड़ी चलाएं।
- ☑ सभी स्टॉप संकेतों पर गाड़ी रोकें।
- ☑ पैदल चलने वालों और साइकिल सवारों को भी जगह दें।
- ☑ गाड़ी में बच्चों के साथ ड्राइविंग करते समय कभी भी धूम्रपान न करें – **यह कानून है**!
- ☑ बच्चों को गाड़ी में कभी भी अकेला न छोड़ें।
- ☑ ट्रकों को बहुत अधिक जगह चाहिए - अच्छी दूरी बनाए रखें।
- ☑ अपनी और अपने आगे चल रही गाड़ी के बीच में अधिक दूरी बनाए रखें।
- ☑ अपने इलाके में पार्किंग संबंधी जानकारी हेतु नगरपालिका-उपनियम देखें।

## यदि आपकी गाड़ी की टक्कर हो गई है

ओंटैरियो कानून के अनुसार आपको चोट लगने, संपत्ति की क्षति या वाहनों को होने वाले कुल नुकसान, जो कि $2,000 या अधिक है, संबंधी किसी भी दुर्घटना की रिपोर्ट करना बहुत ज़रूरी है।

केवल आपात स्थिति के लिए 911 पर कॉल करें। ग़ैर-आपातकालीन स्थितियों हेतु, निर्देशों के लिए स्थानीय पुलिस को कॉल करें।

टक्कर होने की स्थिति में बिल्कुल शांत रहें। यदि ऐसा करना संभव हो, तो गाडियों को सड़क से हटाएं।

दूसरे ड्राइवर (ड्राइवरों) के साथ जानकारी का आदान-प्रदान करने या पुलिस को सूचना उपलब्ध कराने तक उस स्थान से न जाएं।

## पैदल यात्री सुरक्षा



- ○ क्रॉसओवर्स और चौराहों पर सड़क पार करें — मध्य ब्लॉक या पार्क की गई गाड़ियों के बीच में से नहीं।
- ○ हरी बत्ती या "चलिए" संकेत शुरू होने पर सड़क पार करें। कभी भी पीली या लाल बत्ती होने पर सड़क पार न करें।
- ○ यदि आप सही राह पर हैं, तो सुनिश्चित करें कि ड्राइवर आपको देख सकें। मुड़ने वाली कारों पर भी ध्यान दें।
- ○ जब भी संभव हो, फुटपाथ का उपयोग करें। यदि फुटपाथ न हो, तो सड़क पर सामने से आ रहे ट्रैफ़िक के बायीं ओर चलें।
- ○ रिफ़्लैक्टिव, चमकीले या हल्के रंग के कपड़े पहनें। रात में या ख़राब मौसम के दौरान क्लिप ऑन लाइट लगाएं।
- ○ 9 साल से कम उम्र के बच्चों के साथ घूमने-फिरने के लिए एक व्यस्क या बड़ा दोस्त होना चाहिए।
- ○ अपने फोन का उपयोग करने या संगीत सुनने से बचें - बस ध्यान दें।

## रेलवे फाटक



- ○ संकेतों का पालन करें।
- ○ चिन्हित पैदल यात्री या रेलवे फ़ाटक पर ही पटरियां पार करें।
- ○ जब रेलवे बैरियर नीचे हों या नीचे किए जा रहे हों, तो गाड़ी चलाना या उनके आसपास जाना कानून की उल्लंघना है।
- ○ रेलगाड़ी कभी भी आ सकती है। रेलगाड़ियां निर्धारित समय पर नहीं चलतीं।

## क्या करें

**यदि पुलिस रोकती है:**

- ○ जब आप फ़्लैशिंग लाइट्स देखें और/या सायरन सुनें, तो शांत रहें और सुरक्षित रूप से सड़क के एक ओर आ जाएं।
- ○ जब तक पुलिस अधिकारी ऐसा करने के लिए न कहे, अपनी गाड़ी से बाहर न निकलें।
- ○ ओंटैरियो कानून के अनुसार, यदि कहा जाए, तो आप पुलिस अधिकारी को ड्राइविंग-लाइसेंस और वाहन-पंजीकरण और बीमा-दस्तावेजों की एक प्रति दिखाएं।
- ○ यदि आपको टिकट मिलती है, तो उसे शांत मन से स्वीकार करें। बहस करने से बचें।
- ○ टिकट स्वीकार करने का अर्थ यह नहीं है कि आप दोषी हैं। आपके पास अपील करने का मौका हो सकता है।

**यदि आपका वाहन ख़राब हो जाता है, तो:**


- ○ आपातकालीन फ़्लैशर चालू करें।
- ○ यदि संभव हो, तो सड़क से एक ओर आ जाएं।
- ○ टोअ ट्रक या मदद हेतु पुलिस को फोन करें।

**आपकी सुरक्षा के लिए:**

- ○ मदद की प्रतीक्षा करते समय अपनी गाड़ी में ही रहें।
- ○ यदि आपने गाड़ी को छोड़ना ही है, तो ट्रैफ़िक से बचते हुए बाहर निकलें और प्रतीक्षा करने हेतु एक सुरक्षित स्थान का पता लगाएं।
- ○ कभी भी गाड़ी के सामने या पीछे न खड़े हों।

**आक्रामक ड्राइविंग:**

आक्रामक और उच्च-जोखिम वाली ड्राइविंग के लिए सड़क पर कोई स्थान नहीं है। इसमें शामिल हैं: तेज़ गति से गाड़ी चलाना, किसी की गाड़ी के बहुत नज़दीक जाना या बहुत नज़दीक से पीछा करना, सही रास्ता देने से इनकार करना, बार-बार हॉर्न बजाना, या बिना किसी कारण लाल बत्ती जलाए रखना, बार-बार लेन बदलना या ट्रैफ़िक से गुज़रना, साइकिल सवारों के बहुत ही नज़दीक से निकलना तथा बहुत कुछ।




# आपको और आपके परिवार को सुरक्षित रखने के लिए महत्वपूर्ण सड़क-सुरक्षा जानकारी

SDU
SAFETY DRIVES US

www.safetydrivesus.org

Hindi

## लाइसेंस और पंजीकरण

सभी ड्राइवरों को इन्हें हर समय अपने पास रखना चाहिए:

- वैध और उचित श्रेणी का ड्राइवर का लाइसेंस। जानकारी के लिए: ontario.ca/transportation पर जाएं।
- वाहन पंजीकरण।
- वाहन-बीमा।

## सीट-बैल्ट और बच्चे की कार सीट

सीट-बैल्ट और बच्चे की कार सीट का उपयोग करना कानूनी तौर पर ज़रूरी है। आपको गाड़ी की अगली और पिछली दोनों सीटों पर सीट बैल्ट लगानी चाहिए।

सभी लोगों को सीट-बैल्ट लगानी चाहिए और यह सुनिश्चित करना ड्राइवर की ज़िम्मेदारी है कि 16 साल से कम उम्र के सभी बच्चे सीट बैल्ट लगाएं या बच्चा उपयुक्त कार सीट या बूस्टर सीट पर हो।

सीट-बैल्ट साझा करना ख़तरनाक और कानून के विरुद्ध है। एक व्यक्ति - एक सीट-बैल्ट।

**बच्चे की कार सीट:**

- अपने बच्चे के भार और लंबाई के अनुसार उपयुक्त कार सीट या बूस्टर सीट का उपयोग करें।
- कार सीट को हमेशा गाड़ी की पिछली सीट पर ही लगाएं।
- अन्य भाषाओं में कार सीट संबंधी जानकारी और वीडियो के लिए www.safetydrivesus.org पर जाएं।



## ख़राब ड्राइविंग

- यदि आप शराब, नशीली दवाओं या दवाओं से प्रभावित हैं, तो गाड़ी न चलाएं।
- यह आपके निर्णय और ध्यान-केंद्रित करने और प्रतिक्रिया करने की क्षमता को कम करती है।
- कनाडा में यह एक दंडनीय अपराध है और दोषी पाए जाने पर आप अपना ड्राइविंग लाइसेंस खो सकते हैं, जुर्माना भरना पड़ सकता है या जेल में समय बिताना पड़ सकता है।



## असावधान ड्राइविंग

- कोई भी चीज़, जो ड्राइवर का ध्यान सड़क से हटा सकती है, उसके परिणामस्वरुप ड्राइविंग में असावधानी हो सकती है, इसमें शामिल हैं: खाना, यात्री, गाड़ी के नियंत्रण को समायोजित करना, निर्माण और सड़क-संकेत संबंधी विज्ञापन।
- ओंटैरियो में हाथ से चलने वाले संचार और इलेक्ट्रॉनिक मनोरंजन उपकरणों का उपयोग करते हुए वाहन चलाना ग़ैरकानूनी है (जैसे सैल फोन, टैबलेट, GPS, ipods इत्यादि)।
- ड्राइवर को कुछ डिस्प्ले स्क्रीन (जैसे DVD प्लेयर्स, लैपटॉप्स, इत्यादि) दिखाई देना भी कानून के विरुद्ध है।



## ठंड के मौसम में ड्राइविंग

- ठंड के मौसम में सुरक्षित ड्राइविंग के लिए विंटर रेटिड टायरों का उपयोग करने पर विचार करें।
- मौसम की रिपोर्ट की जांच करें और सड़क की स्थितियों के लिए 511 पर कॉल करें या www.ontario.ca/511 पर जाएं।
- गाड़ी चलाने से पहले, अपनी पूरी गाड़ी की बर्फ और जमी हुई बर्फ साफ़ करें। सुनिश्चित करें कि छत और सभी खिड़कियां, शीशे और लाइटें बिल्कुल साफ़ हैं।
- बर्फ, जमी हुई बर्फ, बारिश, कोहरे और तेज़ धूप जैसी स्थितियों के दौरान अपनी गाड़ी और आगे चल रहे वाहन के बीच अतिरिक्त दूरी बनाएं रखें।
- अपने वाहन में एक आपातकालीन यात्रा-किट रखें, जिसमें टॉर्च, अतिरिक्त कपड़े, बेलचा, कंबल, सर्दियों के जूते, स्नैक्स, मोमबत्तियां और माचिस शामिल हों।

## आपातकालीन वाहन

- यदि आप किसी भी दिशा से आ रही एंबुलेंस, पुलिस की गाड़ी या आग बुझाने वाला ट्रक देखते या उसकी आवाज़ सुनते हैं, तो यह कानून है कि आप अपना वाहन रास्ते से हटाएं।
- संकेत करें और जितनी जल्दी हो सके, सड़क के दाईं ओर हो जाएं और जब ऐसा करना सुरक्षित हो तो रुक जाएं।
- यदि आप एक रुके हुए ऐसे आपातकालीन वाहन (या टोअ ट्रक) की ओर जा रहे हैं, जिसकी लाईट फ़्लैश कर रही है, तो गाड़ी धीरे करें और सावधानी से आगे बढ़ें। यदि सुरक्षित रूप से ऐसा किया जा सकता है, तो दूसरी लेन में जाएं।




## स्कूल की बसें

- जब किसी रुकी हुई स्कूल बस की ऊपरी लाल बत्ती फ़्लैश कर रही हो या उसकी स्टॉप वाली भुजा सक्रिय हो, तो ड्राइवरों को ज़रूर रुकना चाहिए।
- लाल बत्ती की फ़्लैश बंद होते ही, स्टॉप वाली भुजा रुक जाए और बस चलनी शुरू हो जाए, तो आप अपनी गाड़ी फिर से आगे बढ़ा सकते हैं।




## महत्वपूर्ण सड़क-सुरक्षा ट्रांज़िट बसें

- यदि आप एक सिटी ट्रांज़िट बस के पास पहुंचते हैं, जिसका बायीं ओर मुड़ने का सिग्नल फ़्लैश करना शुरु हो जाता है, तो आपको बस को ट्रैफ़िक में फिर से प्रवेश ज़रूर करने देना चाहिए।

